Self Respect

25-08-2014



✓ रूहानी बच्चे जानते हैं । उन्हों का नाम क्या है? ब्राह्मण । ब्रह्माकुमार और कुमारियाँ ढेर हैं । इससे सिद्ध होता है यह अडॉप्टेड चिल्ड्रेन हैं क्योंकि एक ही बाप के बच्चे हैं । तो जरूर अडॉप्टेड हैं । तुम ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ ही अडॉप्टेड चिल्ड्रेन हो ।

✓ अब तुम बच्चे जानते हो हम पुरूषोत्तम संगमयुग पर हैं और हम सब भाई-बहन हैं । प्रजापिता ब्रह्मा नाम तो है ना । प्रजापिता ब्रह्मा कब हुआ था-यह दुनिया को पता नहीं है । तुम यहाँ बैठे हो, जानते हो हम पुरूषोत्तम संगमयुगी बी.के. हैं । अभी इसे धर्म नहीं कहेंगे, यह कुल की स्थापना हो रही है । तुम ब्राह्मण कुल के हो । तुम कह सकते हो हम ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ जरूर एक प्रजापिता ब्रह्मा की सन्तान हैं ।



- ✓ तुम तो पुरूषोत्तम संगमयुग के निवासी हो । जैसे कलियुग निवासी, सतयुग के निवासी कहा जाता है । सतयुग, कलियुग को तो बहुत ही जानते हैं । अगर दूरादेशी बुद्धि हो तो समझ सकेंगे
- ✓ न हम सतयुग में हैं, न कलियुग में हैं । संगम के बाद सतयुग आना है जरूर । तुम अभी सतयुग में जाने के लिए पुरूषार्थ कर रहे हो ।
- ✓ अभी तुम जानते हो हमारे ऊपर बृहस्पति की दशा थी, नाम है वृक्षपति । शार्ट में बृहस्पति कहा जाता है ।
- ✓ तुम विश्व की राजधानी के मालिक बनते हो । कल की बात है तुम विश्व के मालिक थे । अब फिर तुम बनते हो



- ✓सतयुग है फूलों का बगीचा और यह है काँटों का जंगल । अभी तुम कांटे से फूल बनने का पुरूषार्थ कर रहे हो ।
- ✓गम्भीरता के गुण द्वारा फुल मार्क्स जमा करने वाले गम्भीरता की देवी वा देवता भव !
- ✓अच्छा |मीठे-मीठे सिकीलधे बच्चों प्रति मात-पिता बापदादा का यादप्यार और गुडमॉर्निंग | रूहानी बाप की रूहानी बच्चों को नमस्ते |